प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 शुक्रवार** **दिनांक 24.05.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— कबीरधाम जिले में सड़क हादसे में उन्नीस लोगों की मौत के मामले पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने आज से सुनवाई शुरू की। राज्य शासन सहित अन्य पक्षकारों से जवाब मांगा।

2— मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आज रायपुर जिले में मतणगना तैयारियों का लिया जायजा।

3— दंतेवाड़ा जिले में आज एक महिला सहित तीन माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

4— मौसम विभाग के अनुसार कल प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज—चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना।

---

**<u>उच्च न्यायालय—सुनवाई</u>**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने कबीरधाम में हुए सड़क हादसे में उन्नीस आदिवासियों की मौत के मामले को जनहित याचिका के रूप में स्वतः संज्ञान में लेकर आज प्रारंभिक सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन बेंच ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए राज्य शासन, राष्ट्रीय राजमार्ग, परिवहन विभाग और कलेक्टर सहित सभी पक्षकारों से शपथ पत्र में जवाब मांगा है। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार समेत सभी पक्षकारों से यह बताने के लिए कहा है कि वे सड़क हादसे रोकने के लिए क्या उपाय कर रहे हैं। साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी

गाइडलाइन में राज्य सरकार द्वारा की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी मांगी गई है। मामले की अगली सुनवाई छब्बीस जून को होगी।

गौरतलब है कि कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र में बीस मई को हुई सड़क दुर्घटना में उन्नीस लोगों की मौत हो गई थी।

**माओवादी–आत्मसमर्पण / मुठभेड़**

दंतेवाड़ा जिले में आज एक महिला सहित तीन माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन माओवादियों ने बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी., दन्तेवाड़ा रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, सीआरपीएफ के उप महानिरीक्षक विकास कठेरिया और दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित सभी माओवादी मलांगेर एरिया कमेटी में सक्रिय थे। इन माओवादियों पर सड़क खोदने और बैनर–पोस्टर लगाने के साथ ही अन्य माओवादी गतिविधियों में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पित माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास योजना के तहत् पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये प्रोत्साहन राशि और सभी प्रकार के लाभ प्रदान किए जाएंगे।

गौरतलब है कि जिले में लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक एक सौ अस्सी इनामी माओवादी सहित कुल आठ सौ पांच माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

इस बीच, नारायणपुर–दंतेवाड़ा–बस्तर जिले की सीमा पर कल हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस जवानों की वापसी के दौरान माओवादियों के साथ एक बार फिर मुठभेड़ हुई, जिसमें एक और माओवादी मारा गया। इसका शव बरामद कर लिया गया है। गौरतलब है कि इस मुठभेड़ में अब तक आठ वर्दीधारी माओवादी मारे गए हैं।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज रायपुर में सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में मतगणना केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना के लिए तैयार किए जा रहे मतगणना कक्षों का अवलोकन किया। श्रीमती कंगाले ने निर्बाध और सुव्यवस्थित मतगणना के लिए मतगणना स्थल पर विभिन्न

व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव कुमार सिंह, एसएसपी संतोष सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिले में विधानसभावार मतगणना कक्षों, उम्मीदवारों एवं उनके गणना अभिकर्ताओं की बैठक व्यवस्था, प्रवेश पास, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मॉनिटरिंग, मतगणना के दिन वीडियोग्राफी, सुरक्षा व्यवस्था, बैरीकेडिंग, डाक मतपत्रों तथा वीवीपैट पर्ची की गिनती की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना स्थल में विधानसभावार मतगणना कक्ष तक पहुंचने के लिए बनाए गए मार्गों का भी अवलोकन किया।

उन्होंने बताया कि मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेगा। मीडिया प्रतिनिधि मीडिया सेंटर तक ही मोबाइल ले जा सकते हैं।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के तहत मतगणना चार जून को होनी है।

## खदान ब्लास्टिंग–रोक

जांजगीर–चांपा जिले के बिरगहनी की छह और देवरहा की दो खदानों पर ब्लास्टिंग पर रोक लगा दी गई है। इससे आस–पास के घरों में दरारें आने की शिकायत मिली थी। हैवी ब्लास्टिंग की शिकायत के बाद रायगढ़ के खान सुरक्षा के निदेशक ने यह कार्रवाई की है। वे करीब एक माह पहले खदानों की जांच के लिए वहां पहुंचे थे।

## क्रिप्टो करेंसी–आरोपी गिरफ्तार

सक्ती जिले में क्रिप्टो करेंसी के जरिए रकम को तीन गुना करने का लालच देकर धोखाधड़ी करने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के फगुरम में क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से तीन गुना मुनाफे का लालच देकर करीब ढाई लाख रूपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को बलरामपुर जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पैंसठ हजार नगद जब्त किए गए हैं। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## समर कैम्प

बिलासपुर जिला प्रशासन द्वारा सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए समर कैंप का आयोजन बहतराई स्टेडियम में किया जा रहा है। इस समर कैंप में जिला पंचायत सीईओ आर.पी.चौहान ने बच्चों से संवाद किया

और छोटी–छोटी प्रेरक कहानियों के माध्यम से बच्चों को संदेश दिया। जिला स्तरीय समर कैंप **पंख** में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के लगभग दो सौ छात्र–छात्राएं शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में बच्चों को कैरियर से सबंधित आवश्यक जानकारी भी दी गई। इस समर कैम्प में इंग्लिश स्पीकिंग, वैदिक गणित, रंगोली, पेंटिंग और ड्राईंग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

## बातों–बातों में

_______श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **वन क्षेत्रों में आगजनी के कारण और उनकी रोकथाम** पर मुख्य वन संरक्षक सतर्कता वी.पी. सिंह से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल पच्चीस मई को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## सटोरी गिरफ्तार

पुलिस ने आज दिल्ली से आईपीएल सट्टा संचालित कर रहे पांच सटोरियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार लैपटॉप, पन्द्रह मोबाइल फोन, चार चेक बुक, छह पासबुक और बाईस एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं।

## अपर मुख्य सचिव–दौरा

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने गौरेला पेंड्रा मरवाही के जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने दवाइयों के भंडारण और वितरण का अवलोकन किया। श्री पिंगुआ ने एक्सपायरी डेट के तीन–चार माह पहले ही दवाइयों का वितरण करने को कहा।

वहीं, श्री पिंगुआ ने पेंड्रा विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटमी का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

## राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता

नारायणपुर के रामकृष्ण मिशन आश्रम में खेले गए अंडर–ट्वेंटी राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब दिल्ली ने जीत लिया है। बीते बाईस मई को दिल्ली और कर्नाटक के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें दोनों टीमें तीन–तीन गोल की बराबरी पर रही। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में दिल्ली ने कर्नाटक को तीन के

मुकाबले चार गोल से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। इस राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में देशभर की बत्तीस टीमों ने भाग लिया था।

**दुर्घटना**

जांजगीर–चांपा जिले के नगपुरा–जावलपुर में ट्रेलर की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने घटनास्थल पर चक्काजाम कर दिया, जिससे जांजगीर–बलौदा मार्ग पर गाड़ियों की आवाजाही प्रभावित हुई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वहीं, गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के ग्राम भाड़ी में भी ट्रेलर की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई।

**मौसम**

**मौसम का हाल....**

दक्षिण–पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थिति बनी हुई है। मानसून मालदीव के कुछ भाग और कोमोरिन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अण्डमान और निकोबार द्वीप, अण्डमान सागर और पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग तक आज पहुंच गया है।

इस बीच, एक अवदाब मध्य बंगाल की खाड़ी में खेपूपारा से लगभग सात सौ किलोमीटर दक्षिण पश्चिम और कनिं से साढ़े सात सौ किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। इसके लगातार उत्तर पूर्व में आगे बढ़ते हुए प्रबल होकर चक्रवात के रूप में परिवर्तित होने की सम्भावना है।

मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका दक्षिण पश्चिम राजस्थान से छत्तीसगढ तक विस्तारित है। वहीं, एक चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश के ऊपर बना हुआ है। इसके असर से प्रदेश में कल एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की आशंका है।

इस बीच, जशपुर में कल रूक–रूक कर भारी बारिश हुई। जिले के पत्थलगांव क्षेत्र में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से छह मवेशियों की मौत हो गई। वहीं, अंधड़ चलने से साहीडांड में कई घरों की छतों के उड़ने की खबर है।

**<u>रेलवे समपार फाटक</u>**

रायपुर रेल मंडल के समपार फाटक, आर.व्ही.एच–मंदिरहसौद में रेलवे ट्रैक की मरम्मत का कार्य इकतीस मई से एक जून तक किया जाएगा। इस वजह से एक जून दोपहर बारह बजे तक समपार फाटक से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।

वहीं, रायपुर रेल मंडल के लखौली स्थित रेलवे समपार फाटक पलौद पर रेलवे ट्रैक की मरम्मत का कार्य तीन जून से चार जून दोपहर बारह बजे तक किया जाएगा। इस दौरान समपार फाटक से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>